कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष
व्यवस्थापन 'क' वर्ग
लो०नि०वि०, उत्तराखण्ड, देहरादून
*Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttarakhand*
**Phone & Fax:- 0135-2530467,2530431** **Web- http:/govt.ua.nic.in/pwd** **E-Mail-eicpwduk@nic.in**

पत्रांक– 748 / 34व्यक–स्थाना0–सा0 / 2021 दिनांकः– 20/05/2022

## –:कार्यालय ज्ञापः–

इस कार्यालय के ज्ञाप संख्या–670 / व्यक–स्थाना0–सा0 / 2021 दिनाक 07.05.2022 के द्वारा विभागाध्यक्ष कार्यालय में तैनात अधिकारी / कर्मचारियों को, प्रत्येक संवर्ग के लिए सुगम / दुर्गम क्षेत्र के कार्य स्थल, स्थानान्तरण हेतु पात्र कार्मिकों तथा उपलब्ध एवं सम्भावित रिक्तियों की सूची का सत्यापन किये जाने हेतु नामित किया गया था।

नामित कार्मिकों से अपेक्षा की गई थी कि दिनांक–13.05.2022 तक प्रत्येक दशा में अपनी आख्या विभागाध्यक्ष कार्यालय में वरिष्ठ स्टाफ आफिसर (अधिष्ठान–प्रथम) को उपलब्ध करायेगी, ताकि तद्नुसार निर्धारित समय सारणी के अनुसार 15 मई, 2022 तक उक्त सूचना विभागीय वैबसाइट पर प्रदर्शित की जा सके।

दिनांक 13.05.2022 को गठित समितियों द्वारा उपलब्ध कराई गई पात्र कार्मिकों एवं रिक्तियों की सूची नामित नोडल अधिकारी द्वारा वेब साइट पर अपलोड करते हुए यह निर्देश दिये गये थे कि यदि प्रकाशित सूचियों में किसी कार्मिक के सम्बन्ध में कोई त्रुटी पाई जाती है तो 03 दिन के भीतर एच0आर0एम0एस0 पोर्टल के माध्यम से विभागाध्यक्ष कार्यालय के संज्ञान में लाने का दायित्व सम्बन्धित कार्मिक / कार्यालयाध्यक्ष का होगा, जिस पर कतिपय कार्मिकों एवं कार्यालयाध्यक्ष द्वारा त्रुटियाँ होना अवगत कराया गया है। तदोपरान्त सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्षों के अनुरोध पर इस कार्यालय स्तर से डाटा अनलॉक किये जाने के उपरान्त सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा डाटा संशोधित किया गया। इसके उपरान्त अब पुनः संशोधित पात्रता सूचियों एवं संशोधित रिक्तियों का विवरण वेब साइट पर दिनांक 25.05.2022 तक अपलोड करने हेतु नामित नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराना होगा तथा दिनांक 20.05.2022 के पश्चात् किसी प्रकार के संशोधन हेतु किसी भी कार्मिक / कार्यालयाध्यक्ष के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

इस कार्यालय के ज्ञाप दिनांक 07.05.2022 द्वारा गठित उपसमितियों को स्थानान्तरण प्रक्रिया के अन्तर्गत स्थानान्तरण हेतु गठित समिति के समक्ष सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत किये जाने तक यथावत रखे जाने के आदेश एतद्द्वारा पारित किये जाते है।

(अशोक कुमार)
मुख्य अभियन्ता (अधिष्ठान)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख अभियन्ता महोदय के संज्ञानार्थ।
2. समस्त मुख्य अभियन्ता, लो0नि0वि0 / रा0मा0 / ए0डी0वी0 / वर्ल्ड बैंक / पी0एम0जी0एस0वाई0..............................
3. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0 / रा0मा0 / ए0डी0वी0 / वर्ल्ड बैंक / पी0एम0जी0एस0वाई0 / वि0 / यां0 ..........................................
4. श्री उपेन्द्र सिंह रावत, वरिष्ठ स्टॉफ आफिसर (अधिष्ठान– I), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून।
5. समस्त अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0 / रा0मा0 / ए0डी0बी0 / वर्ल्ड बैंक / पी0एम0जी0एस0वाई0 / वि0 / यां0 ..........................................
6. अधिशासी अभियन्ता (आई0टी0), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि इस कार्यालय ज्ञाप को लोक निर्माण विभाग की वेब साइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
7. श्रीमती निमी सिंह, अधिशासी अभियन्ता (अधिष्ठान), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून।
8. श्री / कु0 ..........................................अधिशासी अभियन्ता / सहायक अभियन्ता, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून।
9. श्री योगम्बर सिंह रावत, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, विभागाध्यक्ष कार्यालय लो0नि0वि0, देहरादून।
10. श्री / श्रीमती..........................................मुख्य / वरिष्ठ / प्रशासनिक अधिकारी / प्रधान सहायक / वरिष्ठ सहायक / कनिष्ठ सहायक,व्यवस्थापन क / ख / ग / घ एवं कार्यप्रभारित वर्ग, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून।
11. गार्ड पत्रावली हेतु।

20/5/22
मुख्य अभियन्ता (अधिष्ठान)

20/05/2022